


# पंचदश बिहार विधान सभा

## षोडश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-27 बुधवार, दिनांक-22 अप्रील, 2015 ई० ।

मानीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.39 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 13 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 03 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iii) 82 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] अन्य चर्चाएँ :-

सदन नेता, मा० मुख्यमंत्री द्वारा जन-कल्याण से संबंध विषयों पर सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों से सदन को अवगत कराया ।

[3] कार्यस्थगन :-

कार्यस्थगन की सूचना अंतर्गत माननीय सदस्य श्री जवाहर प्रसाद द्वारा दिए गए कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन से की गयी ।

[4] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री प्रेम कुमार
(ii) श्री प्रदीप कुमार
(iii) श्री ललन राम
(iv) श्री ज्ञानचंद मांझी
(v) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(vi) श्री विजय कुमार सिन्हा
(vii) श्री चन्द्रशेखर
(viii) श्री तारकिशोर प्रसाद
(ix) श्री राजेश्वर राज
(x) डा० इजहार अहमद
(xi) श्री संजय सिंह (टाइगर)
(xii) श्री मोतीलाल प्रसाद

(xiii) डा० उषा विद्यार्थी (xiv) श्री जवाहर प्रसाद

(xv) श्रीमती भागीरथी देवी

''इस दौरान माननीय सदस्य श्री संजय सिंह (टाइगर) के शून्यकाल की सूचना पर सरकार की ओर से मा० प्रभारी मंत्री, पथ निर्माण विभाग, श्री राजीव रंजन सिंह द्वारा स्थिति स्पष्ट की गयी ।''

तदोपरांत सभा की कार्यवाही 2.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

**समय 2.00 बजे अप० से 6.55 बजे अप० तक ।**

[5] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) माननीय सदस्य श्री अब्दुल गफूर का वित्त (सांस्थिक) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री सोनेलाल हेम्ब्रम एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iv) माननीय सदस्य श्री गिरिधारी यादव एवं अन्य सभासदों का कृषि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(v) माननीय सदस्य श्री रामानन्द यादव एवं अन्य सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(vi) माननीय सदस्या श्रीमती रेणु कुमारी एवं श्री मंजीत कुमार सिंह का गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(vii) माननीय सदस्य श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य सभासदों का ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(viii) माननीय सदस्य श्री अशोक कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना अपृष्ट हुआ ।

(ix) माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद एवं अन्य सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना पर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा समय लिया गया तथा संबंधित माननीय सदस्यों को उत्तर उपलब्ध कराने की बात कही गयी ।

(x) माननीय सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का गन्ना उद्योग विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(xi) माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं अन्य सभासदों का पंचायती राज विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(xii) माननीय सदस्य श्री प्रमोद कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का कृषि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(xiii) माननीय सदस्य श्री संजय सिंह (टाइगर) एवं अन्य सभासदों का पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(xiv) माननीय सदस्य श्री आफाक आलम एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(xv) माननीय सदस्य श्री संजय सिंह (टाइगर) एवं अन्य सभासदों का राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(xvi) माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया । आसन से निदेश दिया गया कि इसकी जांच एक माह के अन्दर करा लें ।

(xvii) माननीय सदस्या श्रीमती वीणा देवी एवं अन्य सभासदों का ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्या श्रीमती वीणा देवी द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(xviii) माननीय सदस्य श्री सबा जफर का राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री सबा जफर द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(सदन की सहमति से सदन की अवधि का विस्तार किया गया)

[6] <u>याचिका का उपस्थापन</u> :-

प्रभारी सचिव द्वारा कुल 33 (तैंतीस) याचिकाओं का उपस्थापन किया गया ।

[7] <u>गैर सरकारी संकल्प</u> :-

(i) 105 गैर सरकारी संकल्प वापस
(ii) 02 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत
(iii) 01 गैर सरकारी संकल्प अस्वीकृत
(iv) 01 गैर सरकारी संकल्प सदन से निरस्त
(v) 22 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ट

[8] <u>प्रश्नों का विवरण</u> :-

सदन नेता द्वारा प्रश्नों के विवरणी को सदन में प्रस्तुत किया गया । (प्रति यथा संलग्न)

[9] <u>माननीय अध्यक्ष महोदय का समापन भाषण</u> :-

यथा संलग्न ।

[10] <u>शोक प्रकाश</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने स्व० विनय कुमार सिन्हा, पूर्व स०वि०प० के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

तत्पश्चात् सभी माननीय सदस्यों ने भी एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना शोकाकुल परिवार के पास भेज दिया जाय ।

तदोपरांत सभा की बैठक अनिश्चित काल के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-22 अप्रील, 2015

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।